उत्तर प्रदेश शासन
आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2
संख्या- 24/2017/2774/78-2-2017-143आईटी/2014
लखनऊः दिनांकः 04 सितम्बर, 2017

<u>कार्यालय- आदेश</u>

प्रदेश में जन सामान्य को विभिन्न शासकीय सेवाएं त्वरित, पारदर्शी तथा कुशलतापूर्वक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में प्रचलित विभिन्न ई- गवर्नेन्स योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा ई-गवर्नेन्स के सतत विकास के उद्देश्य से आई0टी0 विशेषज्ञ से सुसज्जित वर्चुअल आई0टी कैडर की स्थापना के सम्बन्ध में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 के पत्र संख्या-1733/78-2-2016-143आईटी/2014, दिनांक 21-09-2016 में निहित व्यवस्थानुसार आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में कार्यरत श्री जी0एस0 नवीन कुमार विशेष सचिव एवं श्री एम0बी0 सिंह संयुक्त सचिव को वर्चुअल आई0टी कैडर में कार्यालय ज्ञाप संख्या-4032/78-2-2016-143आई0टी0/2014 दिनांक 09 दिसम्बर द्वारा नामित किया गया था को निरस्त करते हुए उक्त दोनों अधिकारियों के स्थान पर आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में कार्यरत डा0 अखिलेश कुमार मिश्रा विशेष सचिव आई0टी0 एवं इले0 अनुभाग-2 को वर्चुअल आई0टी कैडर में एतद्वारा नामित किया जाता है।

2- विभागों में क्रियान्वित किये जा रहे ई-गवर्नेन्स प्रोजेक्टस के सम्बन्ध में उक्त अधिकारी द्वारा शासनादेश दिनांक 21-9-2016 के प्रस्तर-02 में निहित व्यवस्थानुसार, निम्नानुसार उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया जायेगा।

(1) विभाग की आन्तरिक कार्यवाहियां/फाइल मूवमेन्ट, जन सामान्य को प्रदान की जा रही सेवाओं में प्रोसेस रि-इजीनियरिंग, चेंज मैनेजमेन्ट सुनिश्चित किया जाना ।

(2) विभाग में ई-गवर्नेन्स योजनाओं में शासकीय नीतियां, स्टैण्डर्ड तथा आदेशों का अनुसरण सुनिश्चित किया जाना।

(3) ई-गवर्नेन्स के लिए निर्धारित विभागीय बजट का कुशलतापूर्वक यूटीलाइजेशन।

(4) विभाग में ई-गवर्नेन्स के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए कैपेसिटीज विकसित करना।

(5) कामन इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे- स्टेट डाटा सेन्टर, स्टेट वाइट एरिया नेटवर्क , कामन सर्विस सेन्टर इत्यादि तथा कामन एप्लीकेशन जैसे- ई-टेण्डरिंग, ई-आफिस इत्यादि के उपयोग हेतु प्रोत्साहित करना।

(6) सम्पन्न आई0टी0 एप्लीकेशन के सम्पूर्ण राज्य / जनपदों में रि-यूज हेतु प्रोत्साहित करना।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(7) राज्य सरकार की योजनाओं को जनसामान्य तक इलेक्ट्रानिक/ सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार में अपने एवं सूचना एवं जन- सम्पर्क विभाग को सहयोग प्रदान करना ।

3- वचुर्अल आईटी0 कैडर में नामित उक्त अधिकारी को शासनादेश दिनांक 21-9-2016 प्रस्तर-4 में निहित व्यवस्थानुसार, उनके मूलवेतन एवं ग्रेड-पे (टी0ए0/डी0ए0 या अन्य कोई भत्ता छोडकर) का 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किया जायेगा।

संजीव सरन
अपर मुख्य सचिव

संख्या-24/2017/2774(1)/78-2-2017, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन
3. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, यूपीएलसी।
4. विशेष सचिव, इरला चेक अनुभाग, उ0प्र0 सचिवालय।
5. अनुभाग अधिकारी आईटी एवं इले0 अनुभाग-1/2 ।
6. राज्य समन्वयक, सीईजी, गोमतीनगर, लखनऊ।
7. सम्बन्धित अधिकारीगण।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(हरी राम)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।